हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 30 अप्रैल 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

07 निःशुल्क नेत्र शिविर में हुई 118 रोगियों की जांच

08 रामसेवक सोनी की याद में काव्यगोष्ठी कवियों ने ...

खबर संक्षेप

राज्य वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग अकादमी के लिए चयन ट्रायल 3 मई को

सागर। राज्य वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग खेल अकादमी के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 3 मई को खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर सागर में सायं: 4 बजे से 6 बजे तक किया जा रहा है। जिले के इच्छिक खिलाड़ी जिनका जन्म 2012 से 2016 के मध्य हो वे वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग खेल विधा के चयन हेतु श्यामलाल पाल, मलखम्ब प्रशिक्षक से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है अथवा 03 मई 2024 को सायं: 4 बजे से 6 बजे तक खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर सागर में मूल दस्तावेज-जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड साथ लेकर पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

जिले से बाहर भूसा व चारा निर्यात करना प्रतिबंधित

सागर। जिले में पशुओं के भूसा एवं चारा आदि की कमी होने की आशंका है। जिले में पशुपालकों के पास लगभग 11.55 लाख गौवंशीय, भैंसवंशीय एंव अन्य पशु है। जिले में भूसा की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति एवं संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए भूसा, चारा, ज्वार एवं धान के डंठल को जिले से बाहर निर्यात करने हेतु प्रतिबंधित किये जाने की आवश्यकता है। कलेक्टर दीपक आर्य के आदेशानुसार एवं म.प्र. पशु चारा निर्यात नियंत्रण आदेश नियम में निहित प्रावधानों के अधीन प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए पशुओं के आहार में आने वाले केवल गेहूं- भूसा को प्रदेश की सीमा से बाहर निर्यात करने एवं गेहूं भूसा का के रूप में उद्योगों एवं ईंट भट्टों में जलाने के लिए उपयोग को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से दिनांक 30 जून 2024 तक के लिए प्रतिबंधित किया है। उपरोक्तानुसार गेहूं भूसा को कोई भी कृषक, व्यापारी या व्यक्ति या निर्यातक संस्था किसी भी प्रकार के वाहन नाव, मोटर, ट्रक, बैलगाडी एवं रेल्वे अथवा अन्य साधन द्वारा जिले के बाहर बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की लिखित अनुमति के निर्यात नहीं करेगें। यह आदेश केवल गेहूं भूसा निर्यात करने पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा। चना, मसूर, तेवडा आदि का भूसा एवं धान के डंठल के निर्यात पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं रहेगा।

सामुदायिक भोज, लंगर या दावत में शामिल होने पर उम्मीदवार के व्यय-लेखा में शामिल होगा पूरा खर्च

सागर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के मुताबिक यदि चुनाव लड़ने वाला अभ्यर्थी मतदाताओं से मिलने के लिए किसी सामुदायिक भोज या लंगर में शामिल होता है तो ऐसे सामाजिक समारोह पर किया गया व्यय अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय के रूप में माना जायेगा और इसे उसके निर्वाचन व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। आयोग ने कहा है कि निर्वाचकों से मिलने के लिए आयोजित किये गये ऐसे सामु दायिक भोज के कार्यक्रम भले ही किसी नाम से बुलाये गये हों अथवा खुद अभ्यर्थी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा ही क्यों न आयोजित किये गये हों यदि अभ्यर्थी उसमें भाग लेता है तो इस पर होने वाले खर्च को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल किया जायेगा। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह निर्देश धार्मिक समुदायों द्वारा अपने संस्थानों के अंदर प्रथागत तौर पर आयोजित लंगर, भोज या कोई समारोह जैसे शादी, मृत्यु आदि के सामान्य भोज पर लागू नहीं होगा जबकि यह अभ्यर्थी को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आयोजित किया गया हो। ऐसे सामुदायिक भोज, लंगर, दावत आदि पर किये गये व्यय को अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय में शामिल नहीं किया जायेगा बशर्ते कि अभ्यर्थी उसमें सामान्य आंगतुक के रूप में भाग लेता हो। आयोग ने निगरानी दलों एवं निर्वाचन अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं ।

विशेष न्यायाधीश नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दंडित किया

नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी लोकमन पटेल को भा.द.वि. की धारा 366 के तहत 05 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड, धारा-376(3) के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड व पॉक्सो एक्ट की धारा 5 एल/6 के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड तथा एस.सी/एस.टी. एक्ट की धारा-3(1)(डब्ल्यू)(आई) के तहत 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रुपए अर्थदंड, धारा-3(2)(व्ही) के तहत आजीवन सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की।

घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता/ पीड़िता के भाई ने 08 फरवरी 2021 को पुलिस थाना में इस आशय की रिपोर्ट

लेख कराई कि 07 फरवरी 2021 को वह शाम करीब 6.00 बजे खाना खाने के बाद काम से बाहर चला गया। जब करीब 7.30 बजे घर वापस आया तो बालिका/पीड़ता घर पर नहीं थी। उसने बालिका की आसपास एवं रिश्तेदारी में तलाश की किन्तु बालिका नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बालिका को बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने की शंका व्यक्त की। दिनांक 08 फरवरी 2021 को बालिका के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथनों में उसे अभियुक्त लोकमन पटेल द्वारा जबरदस्ती खींचकर उसके घर ले जाकर उसके साथ गलत काम करना एवं वहां से मोटरसाईकिल पर बैठाकर ले जाकर एक मकान में भी उसके साथ जबरदस्ती गलत काम करना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गये, घटना स्थल का नक्शा मौका तैयार किया गया अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित कर थाना-द्वारा धारा 366ए, 376(3), 376(2)(एन) भा.दं.सं. एवं धारा 5/6, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं धारा 3(2)(अ) अनुसूचित जाति व जनजाति (अत्या.निवा.) अधिनियम 1989 का अपराध आरोपी के विरूद्ध दर्ज करते हुये विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन द्वारा अभियोजन साक्षियों एवं संबंधित दस्तावेजों को प्रमाणित किया गया एवं अभियोजन ने अपना मामला संदेह से परे प्रमाणित किया। जहां विचारण उपरांत तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पाक्सों एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

मोतीनगर पुलिस ने आईपीएल का सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर की मोतीनगर थाना पुलिस ने आईपीएल का सट्टा खिलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। चैन्नई और हैदाराबाद के बीच में हुये किकेट मैच का सट्टा की बुकिंग मोबाइल फोन से ले रहा था। पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मोतीनगर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बडा बाजार मंदिर के पास पहुंचकर देखा जो एक व्यक्ति भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकड कर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम राज गुप्ता पिता नरेश कुमार गुप्ता उम्र 34 साल नि मोहन नगर वार्ड सागर का होना बताया। व्यक्ति के मोबाईल को चैक किया गया तो मोबाईल में 28 अप्रैल 2024 को आईपीएल में चैन्नई और हैदाराबाद के बीच में हुये किकेट मैच पर सटटा खिलाने का हिसाब आईपीएल आईडी की बैबसाईड पर सटटा आईपीएल गूगल कोम में खुली हुई थी ।

सट्टा खिलाने का वैध लायसेंस पूछा जो नहीं होना बताया। आरोपी का कृत्य 4 (क) सट्टा एक्ट का पाये जाने से आरोपी राज गुप्ता से एक वीवो कंपनी का मोबाईल कीमती 10000 रूपये समक्ष गवाहन विधिवत मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर मौके की कार्यवाही की जाकर बाद थाना पर अपराध सदर धारा का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन स्वीडिश मिशन विद्यालय में

सागर। प्रदेश के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रबेश प्रारंभ हो गया है। स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र. निजी विद्यालय फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनयिम अधिनियम 2017 एवं म.प्र. निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विनियमन 2020 प्रभावशील है. उक्त नियम की धारा 06 में प्रावधान है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र एवं अभिभावकों को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते आदि चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक तथा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा, छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने हेतु स्वतंत्र होंगे। उक्त पत्र के अनुक्रम में पुस्तक मेले का आयोजन सागर में स्वीडिश मिशन उमावि सागर प्रांगढ़ में 30 अप्रैल को आयोजित करने के लिए कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए है।

बुजुर्गों के सम्मान की अभिनव श्रृंखला: वरिष्ठ महिला समाज सेवी को किया सम्मानित

सागर। सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर द्वारा अपने समय में सराहनीय कार्य करने वाले किंतु उन्हें कभी सम्मान नहीं मिला। ऐसे बुजुर्गों के सम्मान की अभिनव श्रृंखला में झांसी वाली बाई के नाम से विख्यात वयोवृद्ध महिला छबिरानी सेन का सम्मान गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर के सदस्यों द्वारा किया गया। जिन दिनों अस्पतालों में कम प्रसूतियां हुआ करती थीं उस समय झांसी वाली बाई घरों में ही प्रसूति का कार्य संपन्न करवाती थीं। जच्चा-बच्चा की तेल मालिश से लेकर अन्य जरूरी कार्य उनके द्वारा संपन्न करवाए जाते थे। उनका हंसमुख मृदुल स्वभाव सभी को लुभाता था। प्रमुख रूप से गोपालगंज, सिविल लाइंस, शनीचरी, वृंदावन वार्डों में अपने सेवाभाव से बहुत लोकप्रिय रहीं। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट सुंदरलाल श्रीवास्तव रहे। बाई मां का शाल श्रीफल से मंच के सदस्यों अभिनंदन दीक्षित, वसंत श्रीवास्तव, सोमेंद्र शुक्ल, राजेंद्र मिश्रा, अकील खां, रामकरण रावत, गणेश सैनी, अन्नु शुक्ला, डॉक्टर राजू सेन, अनूप असाटी, वीरेंद्र जैन, सुधीर तिवारी, आनंद गुप्ता, गुरुकांत तिवारी, संजू पांडे, मुकेश मिश्रा, नरेंद्र चौरसिया, लवकुश गौर, उमाशंकर विनोदे ने सम्मान किया। अभिनंदन पत्र का वाचन आनंद गुप्ता ने तथा संचालन रमाकांत शास्त्री ने किया। आभार मुन्नालाल सेन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में झांसी वाली बाई के शुभचिंतक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उम्मीदवार चुनावी खर्च का हिसाब आयोग के निर्देशानुसार रखें

सागर। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों से चुनाव के दौरान होने वाले खर्च का हिसाब भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रखे जाने के लिए कहा गया है। उम्मीदवारों से कहा गया है कि वे स्वयं या अपने चुनाव एजेंट के पास चुनाव का खर्च रखें। यह खर्च उम्मीदवार के नाम-निर्देशन दाखिल करने की तारीख से चुनाव परिणाम की तारीख को शामिल करते हुए रखा जाएगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रूपए तय की है।

जिला निर्वाचन अधिकारी आर्य ने ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

लोकसभा चुनाव के मतदान में इस्तेमाल की जाने वाली ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने (कमिशनिंग) का कार्य 28 अप्रैल से शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन में शुरू हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंच स्ट्रांग रूम पहुंचकर कमिशिंनग का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर गगन विषेन, सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों की कमिशनिंग भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के इंजीनियरों की देखरेख में प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों भी मौजूद थे। राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी गई थी।

ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन के पांच कक्षों का इस्तेमाल किया जायेगा। सागर लोकसभा क्षेत्र में शामिल जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम की कमिशनिंग के लिये एक-एक कक्ष निर्धारित किया गया है।

कमिशनिंग का कार्य सभी मशीनों को मतदान के लिये तैयार करने तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू हुआ । मतदान के लिये ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों की कमिशनिंग में रिजर्व सहित ईव्हीएम की बैलट यूनिटों पर मतपत्र चस्पा किये जायेंगे तथा बैटरी लगाकर मॉक पोल किया जा रहा है। मॉक पोल के बाद डेटा क्लियर कर मशीनों को स्विच ऑफ किया जायेगा तथा मतदान के लिये पूर्णतः तैयार मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच शासकीय इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज भवन में विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांगरूम में रखा जायेगा।

पुस्तकों का संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में तपोवन जैन तीर्थ में पुस्तकों का संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 70 लाइब्रेरियन एवं साहित्यकार ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ संजीव जैन सर्राफ ने किया। इस अवसर पर आचार्य श्री ने कहा किसी भी भाषा के वाचक द्वारा लिखे गए अपने विचारों सिद्धांतों और ऐतिहासिक घटनाओं के लिपिबद्ध किए गए ग्रंथ को साहित्य कहते हैं। जिसमें सब का हित छुपा हो उसे साहित्य कहते हैं। भारत का आध्यात्मिक साहित्य गाय के दूध की तरह है और राग रंग मोह से युक्त लिखा गया साहित्य आंकड़े के दूध की तरह है। जो गाय के दूध से गाढ़ा तो दिखता है लेकिन इसका सेवन करना लाभकारी ना होकर हानिकारक होता है। भारतीय इतिहास की दृष्टि से सबसे प्राचीन साहित्य प्राकृत भाषा का जैन आचार्य के द्वारा लिखा हुआ है। प्राकृत भाषा संस्कृत भाषा से प्राचीन है। प्राकृत भाषा को ही परिष्कृत संस्कारित करके संस्कृत भाषा बनी है। आध्यात्मिक, धार्मिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, काव्यात्मक, गद्यात्मक, शिक्षात्मक और वर्णनात्मक ऐसे अनेक प्रकार के साहित्य लेखकों द्वारा दुनिया में लिखे गए हैं। आचार्य श्री ने कहा सबसे प्राचीन पुस्तकालय ताड़पत्र पर लिखे गए ग्रंथों का जैन मंदिरों में मिलता है। लगभग 2200 वर्ष पूर्व प्राचीन हस्तलिखित ताड़पत्र के ग्रंथों का ग्रंथालय कर्नाटक के श्रवणबेलगोला, मूडबद्री आदि अनेक जैन स्थानो पर आज भी विद्यमान है लेकिन इसकी चर्चा या रजिस्ट्रेशन नहीं होने से किसी को ज्ञात नहीं है। प्रत्येक जैन मंदिर में आज भी ग्रंथालय, पुस्तकालय या लाइब्रेरी है। पुस्तकालय बनाने की परंपरा जैन धर्म अनुयायियों में अति प्राचीन है।

चुनाव प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मी को सीने में उठा दर्द, मौके पर मिला इलाज, बच गई जान

सागर। लोकसभा निर्वाचन के तहत आगामी 7 मई को सागर में निर्वाचन संपन्न होगा। इस परिप्रेक्ष्य में निर्वाचन में लगे अधिकारी कर्मचारियों को 29 अप्रैल से 1 मई तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ओमप्रकाश सोनी (शासकीय उ. मा. वि. गौरझामर) को अचानक सीने में दर्द उठा। मौके पर उपस्थित चिकित्सक दल की डॉक्टर रक्षा क्षेत्रीय और फार्मासिस्ट उज्जवल पटवा द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। ओम प्रकाश सोनी को मिली त्वरित सहायता और प्राथमिक उपचार से एक बड़ी घटना होने से बच गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उनका इलाज जारी है। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी प्रशिक्षण स्थलों पर मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर आर्य के निर्देशानुसार सभी प्रशिक्षण स्थलों पर डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाईयों और एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। इसी का परिणाम हुआ कि ओम प्रकाश सोनी का समय पर इलाज हो सका और किसी प्रकार की अनहोनी नहीं होने पाई।

ग्राम झूड़ा में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

गढ़ाकोटा। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार महेश कुमार शर्मा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय एवं अजय सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सागर के मार्गदर्शन में, सुश्री सोनल सिंह जादौन, व्यवहार न्यायाधीश/अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति गढ़ाकोटा के दिशा-निर्देशन में, अम्बर श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गढ़ाकोटा की अध्यक्षता में ग्राम झूड़ा, तहसील गढ़ाकोटा, जिला सागर में विधिक साक्षरता/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में न्यायाधीश अम्बर श्रीवास्तव ने मध्यस्थता योजना, नेशनल लोक अदालत, घरेलु हिंसा, किशोर न्याय अधिनियम से संबंधित विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने छोटे-छोटे प्रकरणों को पंचायत स्तर पर राजीनामा के माध्यम से निपटा लेने की सलाह दी। अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा जमील कुरैशी ने निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता योजना अंतर्गत निःशुल्क अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्रदान की। शिविर प्रभारी सचिन साहू ने विधिक संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु कार्यालय तहसील विधिक सेवा समिति में संपर्क स्थापित करने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में राजाराम कोरी अधिवक्ता, ग्राम झूड़ा के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

विज्ञापनों के संबंध में आयोग ने जारी किए निर्देश

सागर। भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन अवधि के दौरान प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों के लिए मार्गदर्शी सिद्धांतों को प्रभावशील कर लागू किया है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन में आदर्श आचार संहिता को सर्वोपरि मान्य किया गया है। आयोग ने कहा है कि समाचार माध्यमों से प्रकाशित-प्रसारित करने के पूर्व विज्ञापनों के मामले में यह सुनिश्चित किया जाए की उनमें नैतिकता एवं शिष्टता हो तथा किसी की भी धार्मिक भावनाओं को आघात ना पहुंचे। आयोग ने स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं कि ऐसा कोई विज्ञापन प्रकाशित नहीं किया जाए जो किसी भी जाति, धर्म, रंग, पंथ और राष्ट्रीयता का उपहास करता हो। ऐसा विज्ञापन जो संविधान के किसी भी उपबंध के विरूद्ध हो, प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार अपराध करने, हिंसा करने या लोगों को भड़काने की प्रवृत्ति रखता हो, किसी भी प्रकार की अश्लीलता दर्शाता हो, राष्ट्रीय समप्रतीक का अनादर करता हो, नारी के लिए किसी भी प्रकार से अपमानजनक हो या उपहास करता हो, दहेज, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराईयों से लाभ उठाता हो आदि से संबंधित विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित नहीं किए जाने चाहिए।

तालाब में फूल-मालाएं व अन्य सामग्री न डालें नागरिकगण: निगम आयुक्त

चौराहों व तिराहों के आजू-बाजू खाली पड़ी भूमि को हरा भरा या पेपर ब्लॉक लगाकर धूल रहित बनाया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर के चौराहों एवं तिराहों के आजू-बाजू में खाली पड़ी भूमि को हरा भरा किया जाए या पेवर ब्लॉक लगाए जाएं ताकि स्थान रिक्त न रहे और धूल एकत्र न हो तथा सभी चौराहे-तिराहे सुंदर दिखें इसलिए इंजीनियर और जोन प्रभारी स्थानों को चिन्हित कर उनकी सूची प्रस्तुत करें । इस आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर की सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान दिए।उन्होंने निर्देश दिए कि रोड की सफाई करते समय उनके आजू-बाजू में लगी धूल मिट्टी की परत को पहले साफ किया जाए तथा शहर के मुख्य मार्गों की सफाई के साथ रोड के साइड लगी धूल, मिट्टी की परत को भी आवश्यक रूप से साफ किया जाए। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्गो की रोड

स्वीपिंग मशीन से सफाई कराई जाए।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोतीनगर थाने के सामने से भूतेश्वर होते हुए भाग्योदय अस्पताल तक जाने वाली सड़क पर किए गए डामरीकरण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए रोड पर लाइनिंग करने के निर्देश दिये ताकि सड़क पर यातायात व्यवस्थित चलता रहे । इस दौरान निगमायुक्त ने गोला कुआं से गोपाल मंदिर की ओर बनाई गई सड़क का भी निरीक्षण किया।

तालाब के घाटों पर गंदगी न हो इसका ध्यान रखें नागरिक

निगम आयुक्त ने चकराघाट पहुंचकर घाटों की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और तालाब के पानी में फूल-मालाएं आदि पाए जाने पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में उपस्थित नागरिकों और मंदिरों के पुजारियों से अपील करते हुए कहा कि वह भी निगरानी रखें कि कोई व्यक्ति फूलमाला या अन्य सामग्री को तालाब में न डालें बल्कि उसे निगम द्वारा मंदिरों के प्रांगण में रखवाये गए डस्टबिनों मे ही डालने के लिए प्रेरित करें, इसके अलावा उन्होंने तालाब किनारे बनाए गए पाथवे के सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को शेष रह गए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

पेंशन कार्यालय में शीघ्र दावा प्रस्तुत करें

टीकमगढ़। जिला पेंशन अधिकारी शिवरंजन सिंह ने बताया है कि जिला पेंशन कार्यालय द्वारा पेंशनर एवं परिवार पेंशनर्स को जीवनकालीन शेष राशि की पात्रता होने पर जिला पेंशन कार्यालय टीकमगढ़ में दावा प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। श्री सिंह ने बताया है जिले के कुल 348 पेंशनधारियों को बैंक द्वारा 6 वर्ष या उससे अधिक समय से पेंशन परिवार पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सीपीपीसी भोपाल से जिला पेंशन कार्यालय को 6 वर्ष एवं अधिक अवधि के पीपीओ प्राप्त हुये हैं। समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर पीपीओ को मृत मानकर बंद करने की कार्यवाही की जायेगी।

छात्रवृत्ति व आवास के लिए करें आवेदन

टीकमगढ़। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग कमलेश जैन ने बताया कि अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना (नवीन/नवीनीकरण) के लिए विद्यार्थियों द्वारा शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण वर्ष 2022-23 हेतु 30 अप्रैल 2024 तक के लिये तथा वर्ष 2023-24 हेतु 15 मई 2024 तक के लिये एमपीटीएएएससी पोर्टल एवं एनआईसी स्कॉलरषिप 2.0 पोर्टल पर आवेदन तथा एडमिषन डाटा अपलोड करने के लिए सुविधा प्रदान की गई है। समस्त संस्थायें यह सुनिष्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने से वंचित नहीं रहे। निर्धारित तिथि तक अनिवार्यतः समस्त पात्र विद्यार्थियों से आवेदन कराना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समय-सीमा के बाद कोई भी विद्यार्थी आवेदन से छूट जाता है तो इसकी संपूर्ण जवावदारी संबंधित संस्था/विद्यार्थी की होगी।

कक्षा 9 में प्रवेश के लिए आज होगी परीक्षा

विदिशा। उत्कृष्ट विद्यालय एवं ब्लॉक स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को होने जा रही है। जिले में यह परीक्षा दो केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय और गर्ल्स स्कूल में होगी। मॉडल स्कूलों के लिए परीक्षा केंद्र उत्कृष्ट स्कूल बासौदा, लटेरी,सिरोंज एवं नटेरन रहेंगे। परीक्षा सुबह 10:15 से 12:15 तक चलेगी। छात्रों को सुबह 9:15 तक उपस्थित होना होगा। उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य खजान सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र ,फोटो युक्त परिचय पत्र एवं दो काले डाट पेन लाना अनिवार्य है।

आई फोन व नकदी पुलिस के हवाले किया

विदिशा। शुक्रवार रात 9 बजे होमगार्ड जवान सुनील कुमार को हास्पिटल रोड पर काले रंग का बैग मिला। उसमें आई फोन कंपनी का मोबाइल और 3600 रुपए नकदी थी। मोबाइल की कीमत 94 हजार रुपए बताई जा रही है। सुनील कुमार ने मोबाइल और नकदी कोतवाली थाने में जमा करवा दी है। पुलिस ने बैग मोबाइल के साथ नकदी राशि जिला अस्पताल में काम करने वाले प्रभात शर्मा को सौंप दी है।

रात्रि चौपाल से मतदाताओं को जागरुक किया

विदिशा। कलेक्टर ने रात्रि चौपाल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को रोचक बनाने खेलों का आयोजन नागरिकों, महिलाओं और बच्चों के मध्य कराया है। इन खेलों में स्वंय कलेक्टर भी शामिल हुए और उन सब से आव्हान किया कि 7 तारीख को मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवारजन जिनकी ड्यूटी मतदान तिथि के पहले कहीं अन्य क्षेत्र में लगी है तो उन्हें डाकमत पत्र या ईडीसी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है जिसका लाभ लेकर वे मतदान जरूर करें।

सेंटमैरी स्कूल में अर्थ डे मनाया गया

विदिशा। सेंटमैरी सीनियर सेकंडरी स्कूल में अर्थ डे मनाया। बच्चों एवं टीचर ने नाटक कर पृथ्वी की बर्बादी के दृश्य बताएं एवं पृथ्वी को कैसे बचाया जा सकता है उन तरीकों पर भी बच्चों ने प्रस्तुति दी। मैनेजर डॉक्टर फादर सीजो ने अपने वक्तव्य में पृथ्वी को बचाने के पांच उपाय बताए।

भागवत कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

रविवार को भागवत कथा को लेकर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंची कलश यात्रा में भागवत महापुराण का स्वागत जगह जगह हुआ एवं संत महात्माओं का स्वागत फूलों की वर्षा के साथ रथ में बिठाकर कलश यात्रा निकाली गई। सिरोंज चौराहा पर ओमप्रकाश नेमा द्वारा श्रद्धालुओं को ठंडा जूस एवं जलपान की व्यवस्था की गई, हनुमान चौक पर विवेक जैन द्वारा भागवत जी पर फूलों की वर्षा कराई गई। भागवत कथा का महत्व समझाते हुए कथावाचक पंडित विकास एलिया ने कहा कि कलश रिद्धि- सिद्धि का प्रतीक है। इसका हिंदू धर्म में अपना महात्म्य है।

उन्होंने कहा कि कलश हमारे जीवन के हर क्षण में काम आता है। जन्म के समय भी कलश स्थापना की जाती है और मरने के समय भी शरीर के साथ कलश विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कलश के ऊपर नारियल रखा जाता है। यह नारियल मनुष्य को इस बात की शिक्षा देता है कि परिवार के मुखिया को उपर से सख्त और अंदर से मुलायम होना चाहिए। इससे जीवन की गाड़ी बेहतर चलती है। कलश के उपर जो माला रखी जाती है उसका अलग महत्व है। जिस प्रकार माला में लगा हुआ फूल महकता है उसी प्रकार मनुष्य का जीवन भी दूसरों को सुगंध देने वाला होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कलश को कलश को 108 महिलाएं सिर पर रखकर शोभा यात्रा निकालती है, यह जिस क्षेत्र में निकलती है वहां का वातावरण मंगलमय हो जाता है। कलश यात्रा बड़ी धूमधाम फूलों की बरसात ढोल नगाड़े के साथ कलश यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची कलश यात्रा में मुख्य यजमान प्रीति राजकुमार सक्सेना, जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश जादौन, राजेश सक्सेना, सुनीता विजय अरोरा, सरीना राजेश राय माथुर, सुनीता वैष्णव, विशाल वैष्णव, पन्नालाल कुशवाह, सपना कुशवाह, संगीता कुशवाहा भोपाल से पधारे भक्तगण संगीता प्रजापति, सविता, विक्रम वर्मा, प्रियंका राजपूत, विशाल जैन, दशरथ दांगी, चेतन राजपूत, अमित माथुर, अरविंद दुबे सहित भागवत धर्म सेवा ज्ञान समिति के समस्त भक्तगण उपस्थित थे।

महिला मंडल द्वारा पंछियों के लिए पानी के सकोरे रखे गए

टीकमगढ़। सोमवार को अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सभी बहनों को इस भीषण गर्मी के मौसम में मूक पंछियों के लिए दाना एवं पीने के पानी के लिये सकोरे दिये गये। पूनम अग्रवाल ने बताया कि इस भीषण गर्मी में जब हम सभी इंसान जरा सी भी देर बिना पानी के नहीं रह सकते तो ये सोचो मूक पंछियों का क्या हाल होता होगा।इसी को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल महिला मंडल द्वारा सभी बहनों को सकोरे दिये। सभी बहनों से आग्रह किया गया कि आप सभी अपने अपने घरों की छत पर सकोरो में दाना पानी जरूर रखें ये पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में पूनम केके अग्रवाल, सीमा अनिल अग्रवाल, सीमा संजय अग्रवाल, पूनम गनेश अग्रवाल, पूनम आशीष अग्रवाल, ममता अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, मंजू गनेश अग्रवाल, मंजू संतोष अग्रवाल, नीता लोहिया, सुधा लोहिया, सुमन लोहिया, माला लोहिया, अंजली अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सोना अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, स्मृति अग्रवाल उपस्थित रहीं।

स्वरोजगार के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण आज से

टीकमगढ़। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कृषि उपज मंडी के सामने ढोंगा टीकमगढ़ द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-पुरुषों हेतु मोबाईल रिपेयरिंग तथा कम्प्यूटर आकउटिंग का 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण 30 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ किया जा रहा हैं।

इन प्रशिक्षण के लिए बेरोजगार ग्रामीण युवक-पुरुषों जो कि 18 से 45 आयु वर्ष के बीपीएल कार्डधारक प्रशिक्षण का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनके ग्रामीण बेरोजगार अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते है। आवेदनकर्ता बीपीएल राशनकार्ड या गेहूं वितरण पर्ची, आधारकार्ड, अंकसूची एवं 6 पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ अपना आवेदन कार्यालय में जमा करें। अधिक जानकारी के लिये 9619726866, 9098793919 मोबाइल द्वारा भी सम्पर्क कर सकते हैं।

मादक पदार्थों की खपत व उत्पादन को रोकने बैठक आयोजित

टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मादक पदार्थों की खपत व उत्पादन को रोकने के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने मादक पदार्थों की खपत व उत्पादन को रोकने के लिए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल, कॉलेज के आस-पास गुटका-पान की दुकानें नहीं हो। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों सूचनातंत्र को दुरूस्त कराने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि मादक पदार्थों की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल कार्यवाही की जाये। जानकारी दिये जाने पर भी किसी का नाम उजागर नहीं किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि नशा मुक्ति के लिए संबंधित विभाग प्रचार-प्रसार करें और जनजागरण करें, ग्राम पंचायत, कोटवार सहित फील्ड अमला भी पूरी सजगता से कार्य करे।
इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम ससत्या, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती दवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित प्रकरणों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति

अवमानना वाले कोर्ट केसों में प्राथमिकता से जवाब प्रस्तुत करना चाहिए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाई कोर्ट प्रकरण, अवमानना प्रकरण, हाईकोर्ट द्वारा पारित निर्णयों में दिये गये निर्देश पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

उन्होंने संबंधित विभाग प्रमुखों को विभाग अंतर्गत उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित प्रकरणों में प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति, प्रभारी अधिकारी द्वारा उच्च न्यायालय में उत्तर प्रस्तुति की दिनांक तथा जिला कार्यालय की व्यवहारवाद शाखा में प्रस्तुत की गई उत्तर की कॉपी की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि कोर्ट में लंबित याचिकाओं का समय से जबाव प्रस्तुत करें तथा अवमानना वाले कोर्ट केसों पर प्राथमिकता से समय से जबाव प्रस्तुत करें। उन्होंने निर्देशित किया कि न्यायालय में लंबित जिन प्रकरणों में जबाब अपेक्षित हैं या अपील किया जाना अपेक्षित है, वहां शीघ्र शासकीय अभिभाषक से माननीय उच्च न्यायालय में जबाब या अपील प्रस्तुत कराया जाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एसडीएम जतारा शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम बल्देवगढ़ भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर दीपाश्री गुप्ता, एसके तोमर, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग आरके पस्तोर, उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक कुमार शर्मा, सीएमएचओ डॉ. शोभाराम रोशन, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कमलेश जैन, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग डॉ. ऋजुता चौहान, पीओडूडा शिवि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

भिड़ंत इतनी जोरदार थी ट्रक के नीचे जा घुसी बाइक, गंभीर घायलों को किया सागर रेफर

ट्रक-बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, 5 गंभीर घायल, अज्ञात ट्रक चालक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

रविवार को बीना-खुरई मार्ग पर स्थित ओवरब्रिज पर बाइकों को टक्कर मारने वाले अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि रविवार को हुई घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई थी। वहीं 5 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों का प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल में किया गया। बाद में स्थिति गंभीर होने के कारण गंभीर घायलों को इलाज के लिए सागर रेफर किया गया था।

जानकारी अनुसार रविवार को बीना-खुरई मार्ग पर स्थित ओवरब्रिज पर ट्रक क्रमांक एमपी 09/ जीई 2589 के अज्ञात चालक ने ट्रक को लापरवाही से चलाते हुए दो बाइकों में टक्कर मार दी थी। जिससे नीरज पिता रघुवीर अहिरवार 18 वर्ष, गोलू पिता रम्मू अहिरवार 25 वर्ष, भारत सिंह पिता सियाराम अहिरवार 30 वर्ष, निवासी ग्राम राजपुर थाना पथरिया जिला विदिशा, यह तीनों एक बाइक पर बीना से खुरई की ओर जा रहे थे। वहीं दूसरी बाइक पर सवार गौरव पिता जगदीश यादव 20 वर्ष, नागेश पिता हरनाम ठाकुर 18 वर्ष, यश पिता जोगेश लोधी 18 वर्ष सभी निवासी मालखेडी जो एक बाइक से गांव की ओर जा रहे थे। रात करीब साढ़े 9 बजे खुरई की ओर से आ रहे ट्रक की बाइकों से भिड़ंत हो गई। टक्कर में गोलू अहिरवार की मौत हो गई थी। वहीं अन्य पांचों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था।

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए की पहल

ग्रीष्मकाल के लिए कोच्चुवेली-नई दिल्ली के मध्य चलेगी स्पेशल ट्रेन, बीना में रहेगा स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

रेल प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से ट्रेन नंबर 06071/06072 कोच्चुवेली-नई दिल्ली-कोच्चुवेली के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल, बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि ट्रेन नंबर 06071 कोच्चुवेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 31 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को कोच्चुवेली स्टेशन से दोपहर 2.15 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन रविवार को 4.55 बजे इटारसी, 6.45 बजे भोपाल एवं 8.45 बजे बीना आएगी जो मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए शाम 7 बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 06072 नई दिल्ली-कोच्चुवेली एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 3 जून तक प्रत्येक सोमवार को नई दिल्ली स्टेशन से 5.10 बजे प्रस्थान कर, 1.35 बजे बीना, 3.25 बजे भोपाल 5.10 बजे इटारसी और मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन बुधवार को 7.10 बजे कोच्चुवेली स्टेशन पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन- रास्ते में यह ट्रेन दोनों दिशाओं में कोल्लम, कायमकुलम, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टायम, एर्नाकुलम (दक्षिण), अलुवा, त्रिशूर, पलक्कड़, पोदनूर, कोयंबटूर, तिरुप्पुर, इरोड , सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, चित्तूर, तिरुपति मेन, रेनीगुंटा, गुडूर, ओंगोल, विजयवाड़ा, वारंगल, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, विदिशा, ग्वालियर, आगरा कैंट, मथुरा एवं हजरत निज़ामुद्दीन स्टेशनों पर रुकेगी।

2015 से मारपीट के फरार आरोपी को जीआरपी ने पकड़ा

बीना। करीब 8 साल से फरार चल रहे मारपीट के आरोपी को जीआरपी ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। जीआरपी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी में मारपीट करने वाले 2015 से फरार आरोपी रामदास पिता दुलारे यादव निवासी गुप्ता गार्डन गुलौआ को रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया गया है।

वैशाख मास के प्रथम शनिवार को श्री हनुमत सहस्त्र नाम का किया जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

वैशाख मास के प्रथम शनिवार को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित महादेव मंदिर प्रांगण में बाल हनुमान का चोला चढ़ाकर विशेष श्रृंगार किया गया तथा हनुमत सहस्त्रनाम का जप किया गया। साथ ही श्री हनुमत सहस्त्रनाम से हवन कर आहुति प्रदान की गई।

भगवान हनुमान जी को फल, मेवा, मिष्ठान एवं गुड़ चने का भोग लगाया गया एवं हनुमद द्वादश नाम स्त्रोत का पाठ किया गया। हवन पूजन के पश्चात श्रंगार आरती हुई, महिलाओं के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। आरती पश्चात उपस्थित लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी तिवारी ने बताया कि वैशाख मास के प्रत्येक शनिवार को हनुमत सहस्त्रनाम का जप एवं हवन किया जाएगा। उन्होंने सभी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

अध्यक्ष के लिए प्रभाल, रविंद्र, रसीद कर रहे दावेदारी, दीपक निर्विरोध कोषाध्यक्ष

अधिवक्ता संघ के चुनाव 4 मई को होंगे 220 मतदाता चुनेंगे पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

स्थानीय अधिवक्ता संघ के चुनाव 4 मई को होंगे। अधिवक्ता संघ के लिए 220 स्थानीय अधिवक्ता (मतदाता) अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए अपने मत का उपयोग करेंगे। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन जमा हुआ है। अध्यक्ष के लिए 3 प्रत्याशी, उपाध्यक्ष के लिए 2 प्रत्याशी, सचिव के लिए 2 प्रत्याशी, महासचिव के लिए 3 प्रत्याशी एवं पुस्तकालय अध्यक्ष के लिए 3 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता राकेश मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ता संघ के चुनाव 4 मई शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होंगे। मतदान के बाद शाम 4.30 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुल 220 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए प्रभाल सिंह ठाकुर, रविंद्र जैन एवं रसीद खान दावेदारी कर रहे है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए विक्रांत तिवारी एवं देवेंद्र कुर्मी, सचिव पद के लिए अनिल शर्मा एवं राहुल माथुर, सह सचिव पद के लिए सूरज अहिरवार, कृष्णा कैथोरिया एवं हरगोविंद कुर्मी, पुस्तकालय अध्यक्ष पद के लिए सौरभ वैरागी, राजेश दुबे एवं राकेश बौद्ध चुनावी मैदान में है। मुख्य चुनाव प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक उम्मीदवार दीपक जैन का नामांकन जमा होने से निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुने गए है।

कल आएंगे मुख्यमंत्री मोहन यादव, करेंगे जनसभा

बीना। 1 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े के समर्थन में जनसभा करेंगे। सीएम की सभा की तैयारी को लेकर रविवार को भाजपा कार्यालय में भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने बताया कि 1 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर लता वानखेड़े के समर्थन में आम सभा करेंगे। आम सभा सुबह 11 बजे से महावीर चौक पर होगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चाचौड़ा तहसील के ग्राम कालापीपल में एलईडी टीवी पर सतसंग प्रसारित हुआ

जीवात्मा का असली ठिकाना सतलोक में है: संत रामपाल महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭चाचौड़ा

जिले की चाचौड़ा तहसील के ग्राम कालापीपल में रविवार को जगतगुरु संत रामपाल जी महाराज के मुख कमल से अमृत प्रवचनों की वर्षा हुई। जिसमें आए श्रद्धालुओं ने बहुत श्रद्धा से सत्संग सुना। एलईडी टीवी के माध्यम से संत रामपाल जी ने सतलोक की जानकारी दी। जहां से साधक लौटकर इस भौतिक संसार में कभी नहीं आते अर्थात जन्म मरण हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है और कभी वृद्धावस्था नहीं होती। सतलोक में एक तत्व का बना नूरी शरीर है। उसमें कोई रोग या बीमारी नहीं होती। इस लोक की काया नाश वान है। इसमें मनुष्य को सत्तर रोग लगे रहते हैं। सतलोक अमर शाश्वत स्थान है। वह कभी नाश में नहीं आता। न वहां पृथ्वी की तरह कोई प्रदूषण है, न वहां प्राकृतिक आपदा या कोई महामारी होती। वह एक अविनाशी लोक है जिसके मालिक सर्व सृष्टि के रचयिता कबीर परमेश्वर जी हैं जिसका प्रमाण हमारे पवित्र चारों वेदों में मिलता है। उस परमधाम सतलोक को केवल पूर्ण गुरु से प्राप्त सतभक्ति से ही जाया जा सकता है। वह पूर्ण गुरु संत रामपाल जी महाराज ही हैं जो वर्तमान में शास्त्र अनुकूल सतभक्ति बता रहे हैं। सत्संग में उपस्थित सेवादार करण दास, कमल दास, गणपत दास, जगदीश दास, भगवान दास, बीरम दास आदि मौजूद रहे।

अतिरिक्त रिजर्व दल एवं P2B का प्रशिक्षण 29 अप्रैल को

गुना। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 26 अप्रैल से 29 अप्रैल 2024 तक शासकीय पीजी कॉलेज गुना के विभिन्न कक्षों में आयोजित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से दिनांक 29 अप्रैल 2024 को मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण अब दिनांक 30 अप्रैल 2024 को आयोजित किया जावेगा। प्रशिक्षण का स्थान, समय एवं कक्ष यथावत रहेंगे, साथ ही शेष दिनांक को आयोजित होने वाले प्रशिक्षण यथावत रहेगें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप द्वारा जारी आदेश अनुसार अतिरिक्त रिजर्व दल एवं **P2B** का प्रशिक्षण निर्धारित दिनांक 29 अप्रैल 2024 को यथावत आयोजित होगा। समस्त मतदान अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्रशिक्षण में निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

क्राइम समाचार

केंट थाना पुलिस ने चेक बाउंस के अलग-अलग चार प्रकरणों में फरार तीन स्थाई वारंटी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले में विभिन्न अपराधों में फरार आरोपियों, इनामी बदमाशों, वारंटियों आदि की धरपकड हेतु दिये जा रहे निर्देशों के तहत गुना पुलिस द्वारा जिले में फरार आरोपियों, वारंटियों आदि की धरपकड हेतु एक अभियान के रूप में कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी दिशा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुना मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना श्रीमति ज्योति उमठ के पर्यवेक्षण में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा अलग-अलग न्यायालयों के चैक वाउंस के चार प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार किये गये हैं। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय गुना में चैक वाउंस के प्रकरण क्रमांक 450/21 धारा 138 एनआई एक्ट प्रकरण क्रमांक 10/21 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित अमजद खांन पुत्र आजाद खांन निवासी घोसीपुरा गुना की उक्त दोंनो ही प्रकरणों में गिरफ्तारी हेतु क्रमशः स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये थे।

इसी प्रकार माननीय न्यायालय ग्वालियर में चैक वाउंस के प्रकरण क्रमांक 2401/22 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित विक्की पुत्र रामबाबू राठौर निवासी गुलाबगंज केंट गुना एवं प्रकरण क्रमांक 455/17 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित सोनू पुत्र सीताराम अहिरवार निवासी कुशमौदा गुना की प्रकरण में गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय ग्वालियर से अलग-अलग दो स्थाई वारंट जारी किये गये थे। उपरोक्त चारों ही प्रकरणों में फरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु माननीय न्यायालय गुना एवं ग्वालियर से जारी चारों ही वारंट तामीली हेतु केंट थाने में प्राप्त हुए थे।

केंट थाना पुलिस द्वारा तीनों ही वारंटियों अमजद खांन, विक्की राठौर एवं सोनू अहिरवार की निरंतर तलाश की गई, जिनकी तलाश के क्रम में गत रात मुखबिर से मिली सूचनाओं पर केंट थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाहियां करते हुये चारों ही प्रकरणों में लंबे-लंबे समय से फरार चल रहे तीनों स्थाई वारंटियों 1-अमजद खांन पुत्र आजाद खांन निवासी घोसीपुरा केंट गुना, 2- विक्की पुत्र रामबाबू राठौर निवासी गुलाबगंज केंट गुना एवं 3-सोनू पुत्र सीताराम अहिरवार निवासी कुशमौदा गुना को गिरफ्तार कर वारंटी विक्की राठौर एवं सोनू अहिरवार को आज माननीय न्यायालय ग्वालियर तथा वारंटी अमजद खांन को माननीय न्यायालय गुना के समक्ष पेश किया गया है। उपरोक्त चारों ही प्रकरणों में लंबे-लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार करने में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक शिवदयाल वर्मा, प्रधान आरक्षक लखन किरार, प्रधान आरक्षक राहुल भदौरिया, आरक्षक जितेन्द्र वर्मा, आरक्षक अर्जुन यादव एवं आरक्षक विनोद धाकड़ की विशेष भूमिका रही है।

अपर कलेक्टर ने शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत अपर कलेक्टर अखिलेश जैन द्वारा शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ का निरीक्षण किया गया।

ज्ञात है कि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र की विधानसभा राघौगढ़ एवं चांचौड़ा के लिए मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण पॉलीटेक्निक कॉलेज राघौगढ़ से किया जाएगा, साथ ही उक्त विधानसभाओं की ईवीएम मशीन कमीशनिंग का कार्य भी कॉलेज में किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कमीशनिंग कार्य, स्ट्रांग रूम , सहायक व्यय कार्यालय, आर्म फ़ोर्स की रुकने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ईवीएम कमीशनिंग का कार्य सावधानीपूर्वक करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान दलों के लिए सामग्री वितरण के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर राघौगढ़ आर अंजली, तहसीलदार राघौगढ़ अनुराग जैन, नायब तहसीलदार चांचौड़ा मोतीलाल पंथी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बमोरी के ग्राम रत्नागिरी में रैली, मेहंदी व शपथ के माध्यम से मतदाताओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना प्रथम कौशिक के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियां जारी हैं।

जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान 07 मई 2024 को होना है।इसी क्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 की स्वीप गतिविधियों के क्रम में म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन गुना अंतर्गत विकासखंड बमोरी के महिला लो-टर्नआउट बूथ ग्राम रत्नागिरी में स्व-सहायता समूह की दीदीयों एवं स्टाफ द्वारा रैली, मेहंदी एवं शपथ के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदान शपथ कराई गई एवं दिनांक 07 मई 2024 को मतदान की अपील की गयी। कार्यक्रम में स्व-सहायता समूह की दीदीयां, मिशन स्टाफ एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया।

देर रात गरज चमक के साथ हुई बूंदाबांदी

गंजबासौदा। गत दिवस दिन भर आसमान पर छाए बादलों से जहां शाम को इलाके में कहीं कम तो कहीं अच्छी बौछारें पडी थीं। वहीं देर रात भी बादलों से तेज गरज चमक के साथ अच्छी बूंदाबांदी हुई। मौसम का मिजाज ऐसा था कि लोगों को लग रहा था कि रात में जोरदार बारिश हो सकती है, लेकिन बादलों से सिर्फ बौछारें ही पडकर रह गईं। उधर शनिवार को भी आसमान पर बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। इसके बाद मौसम साफ हो गया। उधर मौसम विभाग की वेबसाइटों ने अब आगामी दिनों में मौसम साफ रहने और मई माह के प्रथम पखवाडे में जोरदार गर्मी पडने के संकेत दिए हैं।

उपार्जन केन्द्रों पर नहीं है गत वर्ष की तरह भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

इलाके में समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज गेहूं, चना, मसूर खरीदी के लिए शासन ने कई केन्द्र बनाए हैं। जिनका संचालन शुरू होने के बाद से अब तक इन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज की खरीदी की जा रही है। लेकिन इस बार उपार्जन केन्द्रों पर गत वर्ष की अपेक्षा कम भीड़ होने से अव्यवस्था या किसानों को परेशानी जैसी समस्या सामने नहीं आई है। किसानों और केन्द्र संचालकों का कहना है कि गेहूं का मंडी में ही दाम अच्छा मिल रहा है और चने के दाम भी तेज हैं। मसूर के भाव ही मंडी में समर्थन मूल्य से कम बने हुए हैं। इस कारण अधिक से अधिक संख्या में किसान अपनी उपज मसूर और लोकवन किस्म के गेहूं को ही समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए उपार्जन केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। वहीं सरसों के दाम भी मंडी में अच्छे हैं। इसी कारण किसान लोकवन किस्म के गेहूं और मसूर तुलवाने ही उपार्जन केन्द्रों पर पहुंच रहे हैं। जिससे भीड भी कम है और अव्यवस्था भी नहीं हो रही है।

श्रीराम कथा में अवध छोड़ श्रीराम का हुआ वन गमन

गंजबासौदा। इमला धाम पर सिद्ध संत ज्ञानी बाबा के आशीर्वाद से चल रही चल रही श्री राम कथा महोत्सव के सप्तम दिवस की कथा में पं. प्रेमहानंद महाराज ने श्री राम वन गमन कथा को सुनाते हुए कहा कि जब श्री राम का राज तिलक होना था, तो चेहरे पर प्रशंसा नहीं थी। जब कैकई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगे पहला भरत को राज्याभिषेक दूसरा चौदह वर्ष के लिए राम को वनवास तो न भगवान राम के मुख पर प्रसन्नता और न ही उदाशी दिखी। जब श्री राम वनवास जाने लगे तो जानकी और लखन लाल भी भगवान के साथ जाने लगे। सारे अवधवासी भगवान को याद कर विलाप करने लगे। मानो की सारे अवध में शोक की लहर डूब गई हो, राजा दशरथ राम-राम का उच्चारण करते-करते और उस श्रवण कुमार के माता-पिता की बात एवं उनका दिया हुआ श्राप आज दशरथ को याद आ गया कि हे राजा दशरथ जैसे हम अपन पुत्र के वियोग में तड़प रहे हैं। आप भी इसी प्रकार पुत्र वियोग में प्राण त्यागेंगे, साथ ही महाराज ने भरत चरित्र भगवान राम और हनुमान जी का मिलन, सबरी चरित्र आदि का वर्णन किया। कथा के मुख्य यजमान गणेशराम रघुवंशी एवं समस्त ग्रामवासी अधिक से अधिक संख्या में आ रहे हैं।

चलाया जा रहा पक्षियों को सकोरे रखने का अभियान

जो कर्म हम करेंगे, उसका अनुशरण और करेंगे: दीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा पक्षियों को सकोरे रखने का अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में भीषण गर्मी के कारण लोगों का बुरा हाल है साथ-साथ बेजुबान पक्षियों का भी बुरा हाल है हम अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं सुख सुविधाओं का ख्याल रखते हैं। थोड़ा सा समय निकालकर हमें इन बेजुबान पक्षियों का भी ख्याल रखना चाहिए, जिसमें कोई खर्चा भी नहीं है हर व्यक्ति एक-एक सकोरा पेड़ पर लगाए और उसमें पानी डालें तो हम कई बेजुबान पक्षियों की जान बचा सकते हैं। मथुरा से आए विनोद भाई ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हमें प्रकृति और संस्कृति को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। तभी हम समृद्ध समाज बना पाएंगे और हमारे जीवन का होना सार्थक रहेगा। हम यह ना भूले हमारा शरीर प्रकृति से बना हुआ है और पक्षी प्रकृति के अंग है हमें इन बेजुबान पक्षीयो का ख्याल रखना चाहिए। जितना संभव हो हम अन्य लोगों को प्रेरित करें और एक-एक सकोरा रख उसमें पानी डालने का संकल्प लें तो भी हम बहुत कुछ कर सकते हैं। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने भाव रखते हुए कहा कि एक कथन है जो हम करेंगे हमें देखकर और लोग भी वैसा ही करेंगे अगर हम इस संकल्प से आगे बढ़ते हैं तो निश्चित ही इस अभियान को हम सफल बना पाएंगे। दुनिया में कहावत है जैसा करोगे वैसा भरोगे जैसा बोओगे वैसा काटोगे और बोया आज जाता है और काटा जाता है।

हमें अपनी लाइफ में कुछ उपकार के कार्य करते रहना चाहिए। यह कार्य दुआ का काम करते हैं और दुआ पैसे से नहीं खरीदी जा सकती, दुआएं ही ईश्वर का प्रसाद और आशीर्वाद होता है। भीषण गर्मी में हम पशु पक्षियों का ख्याल जरूर रखें और उनके लिए पानी की व्यवस्था जरूर करें। ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कहा जाता है की सेवाधर्म बड़ा कठिन है। सेवाधर्म निभाते-निभाते व्यक्ति से यदि छोटी-मोटी भूल हो भी जाए तो भगवान उसकी ज़िम्मेवारी ले लेते हैं और बहुत युक्ति से अपने सेवाधारी के अहम को समाप्त भी कर देते हैं। रामेश्वरम में शिवलिंग की स्थापना के समय हनुमान जी को जो थोड़ा बहुत अहम था, वह भी भगवान ने उखाड़ दिया और वह आत्मा सचमुच अपने नाम के अनुरूप मान-शान से परे, मान को जीतने वाली हनुमान बन गयी, उसी प्रकार जब हम दूसरों के प्रति सेवाभाव रखते हैं तो ईश्वर हमारा साथ जरुर देता हैं। हमें भी पशु पक्षियों का साथ देना चाहिए।

नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 118 रोगियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭गंजबासौदा

सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से शासकीय अस्पताल त्योंदा में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. राजकरण वर्मा, मोहन सिंह जादौन, डॉक्टर अरविन्द नोडया ने लगभग 118 मरीजों के नेत्र परीक्षण किए। वहीं कैंप प्रभारी देवेंद्र जोगी, रोहित धाकड़, अतुल भास्कर ने रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. राजकरण वर्मा, अरविन्द नोड्या मोहन सिंह जादौन, देवेंद्र जोगी सुनील बाबू पिंगले ने स्वर्गीय रणछोड़ दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में 17 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 16 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई। 13 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं 62 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर सुनील बाबू पिंगले ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष 51000 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जाते हैं, जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आगामी समय में ग्रामीण क्षेत्र में भी नेत्र शिविर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल के सभी स्टॉफ ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया।

सरदार सिंह का निधन

गंज बासौदा। खिलान सिंह, हरिसिंह के चाचाजी नवल सिंह, परशराम, संजू, सोनू, रनवीर, मंटू के पिताजी सरदार सिंह रघुवंशी का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास ग्राम मूडरा से सुबह 9 बजे विश्राम घाट के लिए निकाली जाएगी। नागरिकों एवं ग्रामीणों ने सरदार सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दुःखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

खबर संक्षेप

सीएम यादव आज, 4 मई को आएंगे योगी

अशोकनगर। 7 मई को गुना लोकसभा सीट पर मत डाले जाना है। इस सीट पर चुनाव प्रचार अब जोर पकड़ता जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 30 अप्रैल को अशोकनगर विधानसभा के राजपुर कस्बे में भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिधिया के समर्थन मे एक चुनावी सभा मे भाग लेने आ रहे हैं। इसी प्रकार उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 4 मई को अशोकनगर शहर मे चुनावी सभा मे भाग लेने आ रहे हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार योगी आदित्यनाथ रेल्वे स्टेशन के बाहर तुलसीपार्क पर एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी सोनू प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी विवेक प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिंगपुर पाढरी निवासी रविबाई पत्नि लाखन यादव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी उसके पति लाखन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

घर की छत से गिरकर महिला घायल

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम अथाईखेड़ा निवासी पूजा पति रोहित साहू 28 को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहा उपचार करा रहे परिजनों ने बताया कि महिला घर की छत पर किसी काम से गई हुई थी। जब वह छज्जे पर थी तभी छज्जे की फर्सी टूट गई और महिला छत से घर के बाहर आ गिरी जैसे ही आवाज आई परिवारजनो ने घायल महिला को उठाकर मोटरसायकिल से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां घायल महिला का उपचार हो रहा हैं। महिला के सिर मे गंभीर चोटें आई हैं।

बाइक फिसलने से तीन लोग हुए घायल

अशोकनगर। शाढौरा थाने के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा निवासी वैष्णवी पति हरिओम 23, खुशी 5 और प्रयांश डेढ साल बाइक से अपने पति के साथ एक शादी समारोह मे सम्मलित होने के लिए चंदेरी जा रहे थे। तभी चंदेरी पहुंचने से 4 किमी दूर एक वाहन को बचाते समय बाइक फिसल गई। जिसमे मॉ और बेटी को चोटें आईं हैं। जबकि पिता और डेढ वर्षीय पुत्र सुरक्षित हैं। बच्चे को मॉ गोद में लिए हुई थी। जैसे ही गाड़ी फिसली मॉ सड़क पर आ गिरी उसने अपने बच्चे को अपने पेट पर रख लिया जिससे कि उसे चोटें न लगे।

ईसागढ़ के तीन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

अशोकनगर। ईसागढ़ नगर की दो छात्राओ में कुमारी वैशाली सेन एवं कुमारी प्रतीक्षा लोधी ने 12वीं की परीक्षा में 93.2 प्रतिशत अंक लाकर जिले की प्रावीण्य सूची में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वही हेमंत शर्मा ने 90.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान तथा कुमारी वंशिका सिंह ने 89.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चैथा स्थान प्राप्त किया इस सफलता पर नगर वासियों ने तथा इंजीनियर रवि व्यास कोचिंग संचालक ने बधाई दी है।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 1 मई से

अशोकनगर। खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के मार्गदर्शन में खेल विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 1 माह के निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला मुख्यालय अशोक नगर एवं विकासखंड मुंगावली व चंदेरी में 1 से 31 मई होगा। जिला मुख्यालय अशोकनगर के संजय स्टेडियम, चंदेरी रोड स्थित नवीन इनडोर खेल स्टेडियम एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पठार में 1 मई से प्रातः 6 से 8 बजे तक क्रिकेट, कराते, बास्केटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस एवं हैंडबॉल में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अमोला थाना क्षेत्र के ग्राम नारही का मामला, जांच में जुटी पुलिस

प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने पहले प्रेमिका को मारी गोली, फिर खुद को किया शूट!

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

जिले के अमोला थाना क्षेत्र के ग्राम नारही में रविवार की सुबह उस समय दहशत फैल गई, जब गांव से महज आधा किमी दूर गड्ढे में एक युवक व युवती की खून से लथपथ एक-दूसरे से लिपटी लाश मिली। सूचना मिलते ही अमोला थाना पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने किसी को भी गड्ढे के अंदर नहीं जाने दिया, क्योंकि ग्वालियर से एफएसएल एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की टीम आने वाली थी। टीम ने जाकर जब गड्ढे में देखा तो लाशों के पास कट्टा, सिंदूर की डिब्बी व लोटा रखा मिला।

मृतकों की पहचान गांव के ही रोहित शर्मा उम्र 22 साल व मुस्कान आदिवासी उम्र 18 साल पुत्री विनोद आदिवासी के रूप में हुई। दोनों के घर गांव में आमने सामने हैं। बताया जा रहा है कि मृतक रोहित शर्मा के पिता की खेती मृतक मुस्कान का परिवार करता था। विनोद आदिवासी का परिवार बटाईदार था इस कारण वह खेत पर रहता था और दोनों परिवारों का मिलना जुलना भी रहता था। रोहित शर्मा खेत पर जाता था, मुस्कान और रोहित की बातचीत को परिवार जन सामान्य ही समझते थे। इन दोनों के बीच क्या चल रहा है इसकी भनक किसी को नहीं लगी।

दोनों को पता था कि समाज उनकी शादी को स्वीकार नहीं करेगा

शनिवार की शाम लगभग 4 बजे से रोहित व मुस्कान अपने घर से गायब हो गए थे, तथा परिजनों ने यह सोचा कि आसपास कहीं गए होंगे, आ जाएंगे। लेकिन जब रात तक रोहित व मुस्कान नहीं आए तो रोहित के परिजन ने मोबाइल लगाया तो घंटी बजती रही, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद परिजन की चिंता बढ़ गई। सुबह से दोनों के परिजन अपने बच्चों की तलाश में निकले तथा नजदीकियों व रिश्तेदारों से भी संपर्क किया, लेकिन उनकी लाशें गांव से ही आधा किमी दूर गड्ढे में पड़ी मिलीं। बताया जा रहा है कि मुस्कान की सगाई पिछोर क्षेत्र में हो चुकी थी और उसकी गोद भराई का कार्यक्रम भी तय हो गया था। इन दोनों को पता था कि समाज उनकी शादी को स्वीकार नहीं करेगा, इसलिए दोनों ने सुसाइड जैसा कदम उठा लिया।

पुलिस का अनुमानः मांग भरकर ली और दी जान

सिंदूर की डिब्बी वहां होने से यह माना जा रहा है कि रोहित व मुस्कान के बीच प्रेम प्रसंग इस हद तक रहा कि मरने से पहले रोहित ने मुस्कान की मांग में सिंदूर भरा होगा। इसके बाद उसने पहले मुस्कान में गोली मारी और फिर खुद की कनपटी में कट्टा लगाकर ट्रिगर दबा दिया होगा। जिस स्थिति में वे दोनों मिले, उसे देखकर पुलिस को भी प्रथम दृष्टया ऐसा ही नजर आ रहा है। जिसे एसपी भी मान रहे हैं, लेकिन वे यह भी कह रहे हैं कि प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है।

इनका कहना है

रविवार की सुबह सूचना मिली की नारही गांव के पास दो शव पड़े हुए है। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि एक प्रेमी जोड़ा खून से लथपथ एक दूसरे के ऊपर पड़े हुए है उनके पास में एक कट्टा, सिंदूर की डिब्बी व लोटा रखा मिला। जिसे देख प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि युवक ने पहले प्रेमिका को फिर खुद को गोली मारी है। फोरेंसिक टीम ने जांच की है जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

अमित चतुर्वेदी, थाना प्रभारी अमोला

मुंगावली क्षेत्र की घटना

नगर परिषद की दमकल ने बुझाई नरवाई में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले के मुंगावली क्षेत्र में आए दिन आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। रविवार को चंदेरी रोड स्थित साहू कार केयर के पीछे गेहूं के खेत की नरवाई में आग लग गई। उसी के पास में एक शादी समारोह का आयोजन था। आग की लपट धीरे-धीरे बस्ती की ओर बढ़ती जा रही थी जिसके कारण से उसी स्थान पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए पानी डालना एवं ट्रैक्टर से पंजा चला कर आग बुझाने का प्रयत्न किया। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका, जिसके बाद मुंगावली नगर परिषद की फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और शादी समारोह के पंडाल तक आग की लपेट पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। दरअसल, जिस स्थान पर यह घटना हुई थी उसी के आस-पास घनी बस्ती है। जहां घटना हुई वहां कच्चे मकान बने हैं वह भी चपेट में आ सकते थे। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि यह आगजनी की घटना के पीछे लोगों का मानना है कि जिन किसानों के खेत हैं वही चोरी छिपे अपने खेतों की नरवाई को आग लगा देते हैं लेकिन आग भड़कने के बाद स्थिति बिगड़ जाती है।

---

103 वर्षीय रामेती बाई ने अपने घर से किया मतदान

अशोकनगर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार लोकसभा संसदीय क्षेत्र 4 गुना अंतर्गत अशोकनगर जिले की विधानसभा 033 चंदेरी के ग्राम- ढाकोनी की मतदाता रामेती बाई उम्र 103 ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम टू होम मतदान सुविधा अंतर्गत घर पर मतदान किया।

पाठशाला के बच्चों को दिए पुरस्कार और प्रमाण-पत्र

अशोकनगर। श्री कुंदकुद दिगम्बर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट कमेटी के द्वारा बच्चों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह परीक्षा का आयोजन श्री टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा किया गया था। इस परीक्षा मे 25 बच्चों ने भाग लेते हुए सफलता प्राप्त की थी। इन बच्चों को उक्त परीक्षा मे सफल होने तथा महावीर जयंती पर किए गए नाट्य को लेकर भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान उन्हे पुरस्कार के साथ साथ प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

बाइक से गिरकर महिला हुई घायल

अशोकनगर। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम रमपुरा निवासी रामवती बाई पति पप्पू बाइक से अपने पति के साथ विदिशा जिले के गंज बसौदा जा रही थी। जब यह वाहन ग्राम बर्री के समीप से गुजर रहा था। तभी सडक पर बने स्पीड ब्रेकर को पार करते समय बाइक से महिला गिर गई। जिससे उसके चेहरे के साथ सिर में और हाथ में भी चोटें आई हैं। घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। जहां महिला का उपचार किया जा रहा है।

संकट मोचन समिति का आयोजन

बूढ़े बालाजी पर दो बहनों का विवाह आयोजित

मुंगावली। नगर के अति प्राचीन बूढ़े बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार को दो धर्म विवाह संपन्न हुए जिसमे नगर की बिना माता पिता की दो बच्चियों की शादी बड़े ही उत्साह व धूमधाम से संपन्न हुई। जिसमें नगर के लोगों ने बढ़चढ़ कर बच्चियों को आशीर्वाद दिया साथ ही समिति का सहयोग किया। देखा जाए तो स्टेशन रोड निवासी बिना माता पिता की बच्चियों की एक बारात विदिशा जिले के मंडी बामौरा से आई थी तो दूसरी मुंगावली ब्लॉक के ही जतौली से आई थी और दोनों ही दूल्हों की बारात बड़े ही धूमधाम से लगी जिसमें बाराती जमकर नाचे। और बरमाला के पश्चात सभी लोगों ने दोनों ही जोड़ो को आशीर्वाद प्रदान किया साथ ही संकट मोचन समिति एवं स्टेशन रोड कुशवाहा कालोनी के लोगों द्वारा एक एक जोड़े को गृहस्थी का सभी सामान देकर विदा किया। बता दें, प्रत्येक वर्ष संकट मोचन समिति के द्वारा विवाह कार्यक्रम कराया जाता है। इस बार एक साथ दो बहनों की शादी सम्पन्न कराई गई।

रामसेवक सोनी की याद में काव्यगोष्ठी कवियों ने सुनाई शानदार रचनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर के वरिष्ठ कवि स्व. डॉ रामसेवक सोनी की तीसरी पुण्यतिथि के मौके पर एक काव्य संध्या का आयोजन किया गया।इस मौके पर कवियों ने उनके जीवनवृत पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनकी काव्य यात्रा मे उनके द्वारा रचित पुस्तको का उल्लेख करते हुए उन्हे अशोकनगर की साहित्यिक धरा का इतिहास पुरूष बताते हुए उनके सम्मान मे काव्य रचनाओ का पाठ किया।

इस काव्य गोष्ठी का आयोजन मध्यप्रदेश लेखक संघ की ओर से संतोष सोनी के आवास पर आयोजित की गई थी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गुना से पधारे प्रसिद्ध गजलकार डॉ अशोक गोयल रहे अध्यक्षता सुभाष जैन सरल ने की। गोष्ठी का सफल संचालन प्रमोद सोनी ने किया मुकेश प्रजापति ने सोनी का स्मरण करते हुए शिक्षक हम सबको गढ़ता है रचना सुनाई, जगदीश शर्मा ने -पिता परिवार की खातिर हिमालय सा अचल रहता एवं लोकतंत्र के पुण्य यज्ञ में अपना फर्ज निभाना, मतदान को प्रेरित करते हुए अपनी रचना का वाचन किया। दूधनाथ मधुकर ने गुरुजी बारंबार प्रणाम रचना गाकर भावविभोर कर दिया। हास्य कवि महेश श्रीवास्तव ने गधा हूं मैं दुलत्ती मारता हूं, जिता कर मैं उन्हें ,खुद हारता हूं, व्यंग्य प्रस्तुत किया। प्रियकांत माथुर ने गजल के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि प्रस्तुत की एल एन सोनी ने अपनी हास्य रचनाएं पढ़कर गुदगुदाया गजलकार गोयल ने मुझको दीवाना बस मेरी आदत ने कर दिया। अंत में अध्यक्षीय रचना। पिचत्तर की उम्र में लौटा बचपन सुभाष जैन सरल ने पढ़ी प्रमोद सोनी ने श्री राम पर रचना पाठ करते हुए कहा राम को मानने वाले राम का कहना नही मानते। और अंत में सभी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर स्व राम सेवक सोनी के परिजन सहित बड़ी संख्या मे साहित्यकार और सामाजिक जन उपस्थित रहे।

विदिशा जिले में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के 147 मतदाता

सिरोंज विधानसभा में 100 साल के सबसे ज्यादा 41 व विदिशा विधानसभा में सबसे कम 16 मतदाता दर्ज

विदिशा जिले में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के मतदाता लोकतंत्र के प्रहरी बनकर करेंगे मताधिकार का प्रयोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

लोकसभा चुनाव में तृतीय चरण के मतदान में 7 मई को विदिशा जिले के 11 लाख से अधिक मतदाता वोट करेंगे। इसके साथ ही इन 11 लाख से अधिक मतदाताओं में विदिशा जिले के 147 वे मतदाता भी शामिल हैं जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक हो चुकी है। यह मतदाता लोकतंत्र के प्रहरी बनकर सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं जो जिले के सभी मतदाताओं को यह संदेश देते हैं कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मत क्या महत्व रखता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहिनी शर्मा ने बताया कि विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में 100 वर्ष व इससे अधिक आयु के कुल 147 मतदाता दर्ज हैं जिनमें विदिशा विधानसभा में सबसे कम 16, बासौदा में 24, कुरवाई में 30 तथा सर्वाधिक सिरोंज में 41 और शमशाबाद में 36 मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक आयु के सर्वाधिक मतदाता सिरोंज विधानसभा में हैं जिनमें अलीगढ़ कोटरा की कस्तूरी बाई पूरे जिले में सर्वाधिक आयु 112 वर्ष की मतदाता हैं। जबकि 100 वर्ष या इससे अधिक आयु के सबसे कम मतदाता विदिशा विधानसभा में शामिल हैं।

मतदान दलों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण शुरू

विदिशा। जिले की पांचों विधानसभाओं में मतदान प्रक्रिया कराने मतदानकर्मियों के लिए द्वितीय चरण का प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय का आयोजन किया जा रहा है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने एसएटीआई के विभिन्न कक्षों में संचालित प्रशिक्षण का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओ का समाधान प्राप्ति के उपरांत ही प्रशिक्षण कक्ष को छोड़ें। उन्होंने मास्टर टेनर्सो से कहा कि वे सहज, सरल सदोउदारणो से प्रशिक्षण को रोचक और आकर्षण स्वरूप में प्रस्तुत करें ताकि मतदानकर्मियों की स्मृति में बना रहे।

मंदिर पर तोड़ फोड़ मामला दर्ज

अशोकनगर। ग्राम खेजरा हाट के महेश रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वाजिदपुर मे मंदिर के पुजारी प्रकाशदास बैरागी द्वारा तोड फोड की गई। इस दौरान गाव के लोगो ने विरोध दर्ज कराया। जिसके बाद शाढौरा थाने मे मामला दर्ज कराया गया। पुलिस भी गाव मे पहुची। पुजारी के विरूध मामला दर्ज किया गया है।

रेलवे प्रशासन बेखबर

रेलवे स्टेशन पर कुर्सियां नहीं हैं क्वार्टर में हो रहा है दुरुपयोग

अशोकनगर। अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रा करने वाली यात्रियों के लिए बैठने के लिए कुर्सियों की कमी है यहां कुर्सियां इतनी बड़ी संख्या में इधर-उधर पड़ी है उन्हे उठा कर रखवाने वाला कोई नहीं है। लापरवाही इतने बड़े स्तर पर है की जिसकी चर्चा जितनी की जाए उतनी कम है। यह कुर्सियां इसलिए रेल विभाग में अशोकनगर में भेजी थी कि रेल यात्री उपयोग कर सकें। स्टेशन पर घंटो खड़े रहने की जगह कुर्सियो पर बैठकर रेल सुविधाओं का लाभ ले सके। लेकिन वर्तमान में यहां जो कुर्सियां है वह अधिकारियों के बंगलो के बाहर परिसर में रखी है एक नहीं कई अधिकारी कर्मचारियों के यहां यह कुर्सियां लापरवाह पूर्ण तरीके से रखी हुई देखी जा सकती है। इसी तरह प्लेटफार्म नंबर 3 के बाहर जो नया प्रवेश द्वार है उधर भी कुर्सियां जब काम चलने के दौरान मजदूरों द्वारा रखवाई गई थी। तब से आज तक यह कुर्सी इसी तरह पड़ी हुई है इनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है और धीरे-धीरे यह कुर्सियां नष्ट होती जा रही हैं। यहां आए दिन अधिकारी निरीक्षण करने आते हैं लेकिन इस तरफ उनका ध्यान नहीं जाता न ही कोई स्टेशन के अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई प्रयास किए जाते हैं जिसके कारण यह कुर्सियां टूट फूट का कारण बनती जा रही है।

शहर में पेयजल पर करोड़ों का बजट खर्च फिर भी कीड़े युक्त पानी पीने को मजबूर लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

शहर में पेयजल की व्यवस्था पर बजट के करोड़ों रुपय खर्च हो गए हैं, लेकिन शहर के लोगों को अभी तक शुद्ध पीने का पानी तक नसीब नहीं हुआ है। जिसका जीता जागता उदाहरण वार्ड क्रमांक 16 में देखने को मिला है। इस क्षेत्र में सिंध की पाइप लाइन नहीं पहुंची और वार्ड में जो बोर है वह खराब है। इसलिए लोग एक कुएं से अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

इस कुएं के पानी की बात की जाए तो पानी में कीड़े मिले हुए आते हैं जिसे लोग कपड़े से छान कर पीने के लिए मजबूर हैं। अप्रेल का महीना चल रहा है बाकी आने वाले दिनों में लोग इस जल संकट से कैसे निपटेंगे इसका पता नहीं है। शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र में स्थित गौशाला, मदकपुरा में सिंध की पाइप लाइन नहीं है। वहीं सभी बोर खराब हो चुके हैं। इस कारण इस वार्ड के लोगों को एक कुएं से पानी लाना पड़ रहा है। इस कुएं में भी पानी सूख चुका है बस आधा फुट पानी बचा है। लोगों की बातों की हकीकत को समझने के लिए जब कुएं पर जाकर देखा तो वहां एक व्यक्ति कुआ से पानी भरने का प्रयास कर रहा था। काफी प्रयासों के बाद उसकी बाल्टी में सिर्फ आधी भरकर ही रही थी। बाल्टी में आए पानी में कचरा और कीड़े साथ आ रहे थे। यह उस पानी को कपड़े से छान-छान कर कट्टियों में भरने लगा था। इसके बावजूद कई बारीक कीड़े और कीचड़ उसके कपड़े से निकलकर कट्टी में जा रहे थे। पानी भर रहे व्यक्ति ने बातचीत में स्वीकार किया कि वह और उसका परिवार इस पानी को पीएगा। कुआं के पास खड़े एक अन्य व्यक्ति ने भी इस बात की पुष्टि की कि उन्हें मजबूरन यह कीचड़ और कोड़ों का पानी पीना पड़ रहा है क्योंकि उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

कनेक्शन काटने और बोर खराब होने से गौशाला में भी संकट

वार्ड क्रमांक-16 के गौशाला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था बोरों से होती है, परंतु यहां पर लगभग सभी बोर खराब पड़े हुए हैं। इस कारण मदकपुरा के जो लोग करीब एक किमी की दूरी तय कर यहां से पेयजल ले जाते थे, वह भी अब नहीं कर पा रहे हैं। पंप ऑपरेटर हनीफ खान ने बताया कि क्षेत्र में करीब आठ बोर हैं, जिनमें से दो बोर चालू है, एक बोर पर अवैध कब्जा कर मकान बना लिया गया है जबकि कुछ बोरों के बिजली कनेक्शन बिल न भरने के कारण काट दिए गए हैं। एक बोर पिछले दस दिन से खराब है। नपा में शिकायत के बावजूद ठेकेदार बोर सही करने तैयार नहीं है। जब वार्ड के पार्षद माखन आदिवासी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उस बस्ती के लोग मुझसे बात करते नहीं हैं। सीधे विधायक, कलेक्टर और सीएमओ के यहां जाते हैं। मीडिया के पास पहुंच जाते हैं। अगर वह मेरे पास आएंगे और मुझसे कहेंगे तो फिर मैं समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा।